**Patrika (Indore), 13th December 2019, *Patrika Plus*, P-17**

IIT INDORE...

# भारत को मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट पर बहुत ज्यादा फोकस करना चाहिए





पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर, द्वारा तीन दिनी मेसो, माइक्रो एंड नैनो इंजीनिरिंग (कोपन) की 11वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इसमें 300 से अधिक इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स शामिल हुए।

सेंट्रल मैन्यफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट बेंगलूरु के डायरेक्टर डॉ. नागहनुमैय्या ने अपने सेशन में माइक्रो और नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव पर बात की और कहा, भारत को मेक इन इंडिया के कॉन्सेप्ट पर बहुत ज्यादा फोकस करना चाहिए। टेक्सास ए एंड एम इंजीनियरिंग एक्सपेरीमेंटेशन स्टेशन (टीस) के डायरेक्टर प्रोफेसर सतीश टीएस बुक्कापट्टन ने रिसेंट एंडवांसमेंट इन डाटा साइंस एंड एआइ फॉर इंडस्ट्री 4.0 विषय पर अपनी बात रखी।

यह कॉन्फ्रेंस प्रोफेशनल्स के बीच मल्टी स्केल मॉडलिंग एंड मैन्यूफैक्चरिंग, उभरती हुई मैन्यूफैक्चरिंग टेक्निक्स आदि के बारे में चर्चा करने का बेहतर प्लेटफार्म है। इसमें 220 रिसर्च पेपर्स प्रजेंट किए जाएंगे और 12 की-नोट स्पीकर्स के सेशन होंगे। इसके अलावा रशिया, जापान, यूके, अमरीका और सिंगापुर के पार्टिसिपेंट्स द्वारा 15 से अधिक डेमॉस्ट्रेशन दिए जाएंगे।